## खबर संक्षेप



### गुरु रूद्र कुमार का सतनाम समाज ने किया सम्मान

**भिलाई।** सतनाम पंथ गुरु गद्दीनशीन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार के अवतरण दिवस पर सतनाम पंथ के राज महंत सतनाम समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें सम्मानित किया। आवरण दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इसमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। गुरु रूद्र कुमार ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि आप सभी का सहयोग मुझे ऐसे ही मिलता रहे। सतनाम धर्म गुरु होने के कारण मेरे ऊपर जवाबदारी ज्यादा है। गुरु घासीदास बाबा के बताए हुए मार्गों में चलने की कोशिश हमेशा से करते आ रहे हैं। मनखे-मनखे एक समान बाबा के दिए उस महामंत्र को शिरोधार्य करके मैं आज सतनाम धर्म के ध्वजा को लेकर लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। सतनाम धर्म के सभी अनुयायियों को धर्म के प्रति आस्था, विश्वास को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### शिव भक्त लेंगे भजन संध्या व महाआरती का आनंद

**भिलाई।** सावन के शुभ महीने में हर साल की तरह इस साल भी सेक्टर 7 तालाब स्थित शिवधाम मंदिर में भगवान शिव की पूजा पूरे विधि विधान से की जा रही है। भिलाई नगर निगम के पार्षद व अध्यक्ष खाद्य, लोक एवं स्वच्छता विभाग लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि पिछले कई सालों से ये आयोजन भव्य रूप से शिव भक्तों के सहयोग से आयोजित होता आ रहा है। इस बार भी महारुद्राभिषेक का आयोजन रखा गया है। 28 जुलाई सोमवार आयोजन के दौरान सुबह 7 बजे महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके साथ ही सुबह 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन फिर शाम 5 बजे महाआरती रखी गई है। कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल विशेष रूप से शामिल होंगे।

### चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपा ने किया नमन

**दुर्ग।** देश के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानियों में से एक चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर शहीद चौक में स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में कई योद्धाओं ने अपनी प्राणों की आहुति दी। उनमें एक नाम चंद्रशेखर आजाद भी हैं। चंद्रशेखर आजाद 14 वर्ष की आयु में बनारस गए। वहां एक संस्कृत पाठशाला में पढ़ाई की। वहां उन्होंने कानून भंग आंदोलन में योगदान दिया। 1920-21 के वर्षों में वे गांधीजी के असहयोग आंदोलन से जुड़े। वे गिरफ्तार हुए और जज के समक्ष प्रस्तुत किए गए। जहां उन्होंने अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतंत्रता और जेल को उनका निवास बताया। उन्हें 15 कोड़ों की सजा दी गई। हर कोड़े के वार के साथ उन्होंने वन्दे मातरम और 'महात्मा गांधी की जय कहा। कार्यक्रम में हरीश चौहान, अनूप सोनी, सुरेंद्र बजाज, मीना सिंह, विनोद मून, नीतू श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# नेहरू नगर चौक से कुम्हारी टोल तक सर्विस रोड के मध्य बनेगा क्रश बैरियर

## ओवर ब्रिज के आगे डिवाइडर निर्माण हो रहा, सुरक्षा समिति की बैठक में हुई थी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेशनल हाइवे को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नेहरु नगर चौक से कुम्हारी टोल प्लाजा तक क्रेश बेरियर लगाने का प्रपोजल दिल्ली भेजा गया है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में नेशनल हाइवे के अभीयांत्रिक त्रुटि को दूर करने एजेंडा में शामिल किया गया था।

जिस पर सुधार कार्य किये जा रहे है साथ ही ट्रैफिक पुलिस विभाग से समन्वय कर सुधार कार्य कराने का कार्य किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा सड़क हादसों में कमी लाने, नेशनल हाईवे में सुधार कार्य के लिए कुम्हारी टोल प्लाजा से नेहरू नगर चौक तक सर्विस रोड, नेशनल हाईवे में कहीं कहीं पर समानांतर है।

कहीं ऊपर नीचा होने से सड़क हादसा होता है। इसके लिए बीच क्रश बैरियर्स लगाकर दोनों मार्ग को अलग-अलग किया जाएगा। समिति के एजेंडा में इसे शामिल किया गया था। दोनों मार्ग के मध्य क्रश बैरियर निर्माण किया जाएगा। जिससे सर्विस रोड से अचानक कोई भी वाहन मुख्य मार्ग में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।



### कटिंग को भी किया है बंद

जहां-जहां ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ है ऐसे ही स्थान पर पूर्व में लोहे के जाली से डिवाइडर बनाए गए थे। टूटे फूटे गए हैं और सड़क से अचानक लोग पार करने, मवेशी आ जाने से सड़क हादसा रोकने के लिए मीडिल कटो को बंद कर दिया गया। प्रमुख चौक चौराहो में लेफ्ट टर्न फ्री बनाने निर्देश दिए गए थे। दुर्ग के प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न फ्री बनाया गया है। भिलाई क्षेत्र का सर्वे किया गया है नेशनल हाईवे में अवैध कटिंग को भी पूर्व में बंद किया गया है।

## निर्णय : मेयर अलका बाघमार की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक

# शहर से हटेंगे होर्डिंग्स और ट्यूबलर पोल, शर्तों के साथ लगेंगे यूनिपोल

## वालराइटिंग पूरी तरह बैन, एमआईसी में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर की प्रमुख सड़कों से होर्टिंग्स, बैनर-पोस्टर और ट्यूबलपोल पूरी तरह से हटाए जाएंगे। इसे लेकर महापौर परिषद ने मंजूरी दे दी है। सिर्फ यूनिपोल को ही नियम-शर्तों के अधीन रहते हुए अनुमति जारी की जाएगी। सराकारी और निजी भवनों पर भी किसी भी प्रकार की वाल राइटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से यह कवायद शुरू की गई है। महापौर परिषद की बैठक में मेयर अलका बाघमार ने इसकी मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि शहर को इंदौर की तर्ज पर व्यस्थित बनाया जाना है। इसके लिए यह निर्णय लिया जा रहा है। वर्तमान में जो ट्यूलरपोल और होर्डिंग्स लगे हुए हैं, उन्हें नियम-शर्तों को ध्यान रखते हुए निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। डाटा सेंटर के सभागार में हुई बैठक में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों, नियुक्तियों,निर्माण प्रस्तावों और योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, शिव नायक, लीलाधार पाल, शशि साहू, हर्षिका जैन, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, संजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



### नगर निगम में संचालित होगी कैंटीन, निविदा प्रक्रिया जल्द

नगर निगम कैंटिंग व व्यावसायिक परिसर के लिए निविदा के प्रस्ताव को पारित किया गया। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 24x7 जल प्रदाय पायलट प्रोजेक्ट हेतु विस्तृत डीपीआर राज्य शहरी विकास अभिकरण को भेजने का निर्णय लिया गया।

### एमआईसी से निर्णय के बाद टेंडर निरस्त करने की तैयारी

महापौर परिषद की बैठक में प्रस्ताव के पारित होते ही निगम द्वारा जारी सारे टेंडर निरस्त करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बता दें कि शहर में होर्डिंग्स, बैनर-पोस्टर और ट्यूबलरपोल की बहुताया है। इसे देखते हुए इन सब पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। इंदौर और गुरुग्राम की तर्ज पर यह कवायद शुरू की गई है। शहर मे अब सिर्फ यूनिकपोल पर ही होर्डिंग लगे नजर आएंगे। इस निर्णय के बाद एडवटाइजर एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। नए नियम-शर्तों को लेकर जानकारी चाही जा रही है, लेकिन निगम ने अब तक नई गाइडलाइन स्पष्ट नहीं की है।

### शहर के किसी एक वार्ड में 24 घंटे पानी की सुविधा

महापौर परिषद की बैठक में 24 घंटे पानी की सुविधा वाले वार्ड चयन पर भी चर्चा की गई। इसके अंतर्गत 2.0 अमृत मिशन योजना से जोड़कर ऐसे वार्ड का चयन किया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत ऐसे वार्ड का चयन किया जाना है। बैठक में करहीडीह मुक्तिधाम का मेंटेनेंस और जवाहर नगर क्षेत्र में होने वाले कार्यों के स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही नलघर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स व्यवसायिक परिसर की बारहवीं निविदा जारी किए जाने को मंजूरी दी गई। जल्द ही निविदा प्रक्रिया के बाद दुकानों का आवंटन किया जाना तय किया गया।

### हरनाबांधा, आदित्य नगर और बैडमिंटन कोर्ट में लगेंगे पोल

बैठक में जानकारी दी गई कि इंदिरा मार्केट से शिवम शॉपिंग मॉल तक ट्यूबलर पोल से प्रकश व्यवस्था बचत के बाद के बिजली पोल और 110 वाट की एलईडी स्ट्रीट लाइट को हरनाबांधा में 6, आदित्य नगर में 3 और बैडमिंटन कोर्ट में 2 लाइट लगाया जाएगा। एमआईसी ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। राजीव नगर आंगनबाड़ी केंद्र 3 में कार्यकर्ता की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव पर विचार पारित किया गया। करहीडीह मुक्तिधाम जीर्णोद्धार और पुलिया निर्माण के लिए एजेंसी चयन और स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। जवाहर नगर क्षेत्र में सीसी रोड व नाली निर्माण के कार्य हेतु स्थलों में परिवर्तन प्रस्तावित किया गया।

# भिलाई निगम की टीम ने सड़क किनारे लगे पोस्टर बैनर हटाए





हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई शहर को सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई ने सड़क किनारे लगे पोस्टर बैनर को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले चरण में जोन 04 शिवाजी नगर अंतर्गत सड़क किनारे लगे बैनर-पोस्टर निकालने की कार्रवाई की गई।

- आंधी-तूफान में दुर्घटना की रहती है आशंका

निगम के अधिकारियों ने बताया कि बरसात के दिनों में आंधी तूफान से बैनर-पोस्टर निकलकर सड़को पर गिर जाते हैं या फिर लटक जाते हैं। इससे दुर्घटना की आंशका काफी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए निगम आयुक्त ने शहर में सड़क किनारे पोल पर लगे सभी पोस्टर बैनर को निकालकर जब्त करने के निर्देश दिए हैं। निगम की टीम ने बुधवार को डबरा पारा चौक से छावनी चौक तक लगे बैनर-पोस्टर निकाला।

बैनर पोस्टर निकालने पहुंचे जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी ने बताया कि शहर के अंदर तो अंदर नेशनल हाईवे के किनारे भी विज्ञापन और बधाई संदेश वाले होर्डिंग बैनर पोस्टर लगा दिए गए हैं। यहां से हर दिन सैकड़ो वाहनों की आवाजाही होती है। इससे चालकों को गाड़ी चलाने में काफी परेशानी होती है। चालकों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी के नेतृत्व में निगम का अमला बैनर पोस्टर निकालने की कार्रवाई करेगा।

### हटाए जाएंगे पूरे शहर के पोस्टर बैनर

मांझी ने बताया कि हर जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को उनके क्षेत्र में लगे बैनर पोस्टर हटाने के निर्देश मिले हैं। सभी लोग शहर के सभी मार्गों के किनारे लगे बैनर-पोस्टर निकालने की कार्यवाही करेंगे।

### आयुक्त महापौर ने की लोगों से अपील

नगर निगम भिलाई महापौर और निगम आयुक्त ने सभी विज्ञापन एजेंसियों से अपील की है कि वो विज्ञापन, बैनर, पोस्टर लगाने से पहले निगम से अनुमति लें उसके बाद ही इसे लगाएं। अनावश्यक जगह विज्ञापन न लगाएं। साथ ही विज्ञापन, बैनर, पोस्टर लगाते समय यह ध्यान दें वो ठीक से लगा है कि नहीं, जिससे आंधी तूफान से सड़कों पर गिरने एवं दुर्घटना से बचा जा सके। बिना अनुमति होर्डिंग और विज्ञापन लगाने वालों के ऊपर नगर निगम अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिव महापुराण कथा की तैयारियों की जानकारी लेने जयंती स्टेडियम पहुंचे मेयर और एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिव महापुराण कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की 30 जुलाई से 5 अगस्त तक जयंती स्टेडियम में कथा होनी है। कथा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष

- 30 जुलाई से 5 अगस्त तक होगी शिव महापुराण

डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव शामिल होंगे। इसे देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। तैयारियों की जानकारी लेने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल जयंती स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। बोल बम समिति के संरक्षक व भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया की कथा स्थल के पंडाल एवं पार्किंग व्यवस्था की तैयारियों का निरीक्षण करने पुलिस विभाग का अमला पहुंचा। मौके पर महापौर नीरज पाल, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। दया सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जनजागरण का माध्यम है। शिव महापुराण कथा से भक्ति, श्रद्धा और समाज में सकारात्मकता का संचार होता है। निरीक्षण के दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी, प्रशांत मिश्रा भी मौजूद थे।



# बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम फेल, सीटू ने लगाया आरोप

## बीएसपी कर्मचारी पंच तो समय पर कर रहे, लेकिन सिस्टम में दिखा रहे अपसेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट में 13 महीने पहले बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम की शुरुआत की गई थी। बीएसपी कर्मी समय पर ड्यूटी के दौरान पंच कर रहे हैं, लेकिन अटेंडेंस सिस्टम में उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है। सीटू ने आरोप लगाया है कि इस तरह की शिकायत काफी समय से उन्हें मिल रही हैं। उन्होंने प्रबंधन को इसे ठीक करने के लिए कहा है, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है।

सीटू मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार 19 जुलाई को जिन कर्मियों ने बायोमीट्रिक अटेंडेंस लगाया था उनकी पंचिंग ही नहीं दिख रही है। कर्मियों ने शनिवार 19 जुलाई को को नाइट ड्यूटी के दौरान पंच इन किया उनका पंच इन भी नहीं दिख रहा है। वही कर्मचारी जब ड्यूटी ऑफ होने पर पंच आउट किया तो वो रविवार को प्रथम पाली में पंच इन दिखा रहा है।

बीएसपी में अटेंडेंस का पूरा सिस्टम ही उल्टा पुल्टा हो गया है। कई लोगों ने कार्मिक विभाग में इसकी शिकायत भी की है, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं है। जब संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन के साथ बैठक में मुद्दे को उठाया तो प्रबंधन ने दावा किया कि सिस्टम को दुरुस्त कर लिया गया है, लेकिन दवा करने के तुरंत बाद फिर से वहीं बात सामने आ रही है।



### होनी चाहिए मामले की जांच

सीटू का कहना है कि इस सब स्टैंडर्ड बायोमीट्रिक सिस्टम किसने इतनी जल्दबाजी में 1 जुलाई 2024 को लागू किया और ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम को खत्म किया गया। काफी मेहनत से तैयार किए गए ओल्मास अटेंडेंस सिस्टम को खत्म करने के पीछे जो चाल है उसका पता लगाने के लिए इसकी जांच होनी चाहिए। जांच होने से न केवल कई खुलासे होंगे बल्कि कई ऐसे अधिकारी इसके चपेट में भी आएंगे जिन्होंने इस सिस्टम को दिखाकर प्रमोशन लिया है।

### अधिकारियों के जवाब पर सीटू ने उठाए सवाल

सीटू नेता जेपी त्रिवेदी ने सवाल उठाया कि रात्रि पाली करने के बाद यदि किसी कामगार को सामान्य पाली आना होता है तो उसका पंच कैसे लगेगा। इस पर अधिशासी निदेशक स्तर के एक अधिकारी कहते हैं कि रात्रि पाली के बाद कोई सामान्य पाली में ड्यूटी आता है क्या? इसके बाद उन्होंने आगे कहा कि यदि रात्रि पाली के बाद कोई कामगार सामान्य पाली में ड्यूटी आता है तो इसका मतलब यही होगा कि वह कर्मी रात्रि पाली में ड्यूटी करने के बदले सो जाता होगा उच्च अधिकारी के इस उद्बोधन से ऐसा महसूस होता है कि उन्हें संयंत्र के अंदर कैसे काम होता है इसका सामान्य ज्ञान तक नहीं है या फिर वह जानते हुए भी अनजान बन रहे हैं।

## दुर्ग कोर्ट के 300 से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर

# क्लर्क के फांसी लगाने के बाद बवाल, दुर्ग कोर्ट में काम किया ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई-तीन कोर्ट में क्लर्क सोमनाथ ठाकुर के फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने को लेकर बुधवार को दुर्ग कोर्ट में जमकर बवाल हुआ। न्यायालयीन कर्मचारियों ने सुबह से ही काम करने से इंकार कर दिया। वे हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच कर सुसाइड नोट में लिखे कथन के आधार पर आरोपी पर अपराध दर्ज करने की मांग की। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों और दुर्ग कोर्ट के न्यायाधीशों से कई दौर की बात हुई, लेकिन चर्चा देर शाम तक बेनतीजा रही। जानकारी के मुताबिक कर्मचारी गुरुवार यानी 24 जुलाई को इस विषय को लेकर पुनः चर्चा करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति तय होगी। गुरुवार को वे काम पर लौटेंगे या नहीं, फिलहाल स्पष्ट नहीं किया गया है। इस मामले को लेकर न्यायालयीन सूत्रों की मानें तो कार्रवाई हाई कोर्ट स्तर से होनी है, इस वजह से स्थानीय स्तर पर कोई आश्वासन नहीं दिया जा सका।

- आरोपी पर अपराध दर्ज करने की मांग



**कोर्ट में पूरे दिन छाया रहा सन्नाटा, मामले में नहीं हुई सुनवाई**

कर्मचारियों की हड़ताल और कामकाज ठप करने की वजह से दुर्ग कोर्ट में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। एक भी मामले की सुनवाई नहीं हुई। इधर अधिवक्ता भी न्यायालयीन कर्मचारियों के समर्थन में सामने आ गए हैं। उन्होंने कर्मचारियों की मांग को जायज बताते हुए मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब सुसाइड नोट मिला है, तो वह मरणासन कथन है। ऐसे में पुलिस को चाहिए कि वह तत्काल ऐसे संवेदनशील मामले में अपराध दर्ज कर जांच करे।

### जानिए आखिर क्या है आत्महत्या का पूरा मामला

एक दिन पहले सोमनाथ ठाकुर ने भिलाई-तीन कोर्ट परिसर में रिकार्ड रूम के पास फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उसके पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने मौत की वजह काम का दबाव और न्यायिक अधिकारी की प्रताड़ना को कारण बताया है। इस मामले में पुलिस न्यायिक अधिकारी के नाम का खुलासा नहीं कर रही है, न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई है। इसे लेकर न्यायालयीन कर्मचारी संघ का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने मामले में कार्रवाई को लेकर हड़ताल में जाने का निर्णय लिया। इस मामले में संघ के अध्यक्ष मनोहर खटगी ने बताया कि इस मामले को लेकर बातचीत की जा रही है। मामला काफी संवेदनशील है। निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इससे पहले पुलिस को चाहिए कि वह अपराध दर्ज करे।

# फील्ड में होने वाली दिक्कतों को जानना जरूरी : कुलसचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में पूर्व में पदस्थ वित्त अधिकारी सुशील गजभिये का विदाई समारोह आयोजित किया गया तथा नए वित्त अधिकारी के रूप में पदस्थ ममता अवस्थी का स्वागत किया गया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर, संजय कुमार तिवारी ने कहा कि सुशील गजभिये ने संस्थागत विकास के लिए अच्छा कार्य किया। सभी के प्रति उनका व्यवहार भी अच्छा रहा है। उन्होंने वित्त के कार्यों को बारीकी से देखा है। इस क्षेत्र में लगातार कार्य करते रहे हैं। वित्त विषय पर मौलिक किताब लिखी है। विश्वविद्यालय परिवार उनका पदोन्नति कामधेनु विश्व विद्यालय अंजोरा तथा कृषि विश्व विद्यालय जोरा, रायपुर छत्तीसगढ़ में वित्त अधिकारी के रूप में हुआ है। कहने को विदाई है पर कोई व्यक्ति किसी से विदा नहीं होता। ममता अवस्थी ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। हमारी जिम्मेदारी होती है कि हम आपको नियम कानून बताएं, ताकि वह संस्था के हित में ही होता है। क्या फील्ड में दिक्कतें है समझते हैं। कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विदाई और स्वागत की परंपरा को बनाए रखने के लिए कुलपति के मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया।

- पूर्व पदस्थ वित्त अधिकारी सुशील की विदाई

